# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 66/2021

**माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों अथवा अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों (एकल विषय अंग्रेजी अतिरिक्त) में कम्पार्टमेंटल कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, संबंधित छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र समिति के वेबसाइट **www.biharboard.online** पर विद्यालय के प्रधान के द्वारा दिनांक **12.04.2021 से 16.04.2021** तक ऑनलाइन भरा जाएगा तथा परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा।

**2.** माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के वेबसाइट **www.biharboard.online** पर उपलब्ध रहेगा, जिसे विद्यालय के प्रधान उक्त अवधि के अन्दर डाउनलोड कर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थियों को उपलब्ध करा देंगे और उनसे विधिवत् भरे हुए परीक्षा आवेदन–पत्र प्राप्त करते हुए समिति के वेबसाइट पर उक्त अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरना एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**3. नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private)/पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) कोटि के परीक्षार्थियों की सभी विषयों की परीक्षा के लिए:–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के लिए नियमित/स्वतंत्र एवं पूर्ववर्ती कोटि के वैसे पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जिनके द्वारा संबंधित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में परीक्षा आवेदन पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किया गया है और इसके बावजूद शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण उन पंजीकृत/सेन्ट–अप छात्र/छात्राओं का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा गया और न ही परीक्षा शुल्क जमा किया गया, जिसके कारण विधार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये, तो वैसे छूटे हुए पंजीकृत (सत्र 2020–21) छात्र/छात्रा को अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए उन्हें माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह– विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों की परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाता है। उन्हें वार्षिक परीक्षा के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। पूर्ववर्ती परीक्षार्थियों को छोड़कर शेष परीक्षार्थियों के लिए विज्ञान का इन्टरनल एसेसमेन्ट, सामाजिक विज्ञान के लिट्रेसी एक्टिविटी एवं प्रोजेक्ट वर्क तथा गृह विज्ञान, ललित कला, नृत्य एवं संगीत विषय की प्रायोगिक परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें अपने विषय के अनुरूप सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

**4.** नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती कोटि के वैसे पंजीकृत परीक्षार्थी जिनके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में विषय, लिंग एवं फोटो में त्रुटि की गई और उसके कारण वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हैं, तो वे विषय, लिंग एवं फोटो को संशोधित करते हुए कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। पूर्ववर्ती छात्रों को छोड़कर शेष छात्रों का इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उन्हें वार्षिक परीक्षा के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी।

**5. समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के सम्बन्ध में** :– वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने से वंचित रह गये अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण उनका ऑनलाइन परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सका, वैसे परीक्षार्थी समुन्नत कोटि के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। ऐसे छात्रों का वार्षिक परीक्षा, 2020 में ली गयी इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा विषय में प्राप्त अंक को Carry On किया जाएगा।

**6.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी का समुन्नत के लिए परीक्षा आवेदन स्वीकार योग्य नहीं है। ऐसे परीक्षार्थी यदि Result Improvement हेतु पुनः माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, तो वे आगामी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित हो सकते हैं, माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में वे सम्मिलित नहीं हो सकते हैं।

**7. कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में निम्नलिखित कोटि के परीक्षार्थी माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने के संबंध में :–**

**(i)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में अनुत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो छः बाह्य विषयों में से किसी एक विषय अथवा दो विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में अनुत्तीर्ण हुए हों, तो वे उत्तीर्ण होने तक लगातार तीन अवसर ले सकते हैं। प्रथम अवसर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021, दूसरा अवसर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 तथा तीसरा अन्तिम अवसर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2022 तक दिया जाएगा। प्रथम अवसर के लिए माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं। इस कोटि के अभ्यर्थियों का इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जायेगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2021 में ली गई इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा के विषय में प्राप्त अंक को Carry On किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2021 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधा देय नहीं होगा।

**(ii)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 के वैसे परीक्षार्थी जो किसी एक अथवा दो विषयों में अनुत्तीर्ण हैं, तो दूसरे अवसर के रूप में कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं और शुल्क जमा करेंगे। इस कोटि के अभ्यर्थियों का इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2020 में ली गयी इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा विषय में प्राप्त अंक को Carry On किया जाएगा।

**(iii)** माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2019 में सम्मिलित वैसे परीक्षार्थी, जो छः बाह्य विषयों में से किसी एक विषय अथवा दो विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में अनुत्तीर्ण हुए हों, वे प्रथम अवसर के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 में सम्मिलित हुए और उसमें भी अनुत्तीर्ण रहे, दूसरे अवसर के अन्तर्गत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित हुए **(कोविड–19 महामारी से जनित अत्यन्त विषम परिस्थिति स्वरूप माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2020 का आयोजन नहीं किया गया)** और पुनः अनुत्तीर्ण रहे, तो वैसे परीक्षार्थी अपने तीसरे अंतिम अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में सम्मिलित हो सकते हैं, जिसके लिए वे अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं। ऐसे छात्र/छात्राओं का पूर्व वर्ष के इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा विषय में प्राप्त अंक को Carry On किया जाएगा।

**(iv)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी यदि मात्र अंग्रेजी विषय में अनुत्तीर्ण हैं, तो वे Single Subject अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए वे अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं।

**8.** अंकनीय है कि अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषय) में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**9.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में किसी विषय (सैद्धान्तिक परीक्षा) में अनुपस्थित परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। इसलिए किसी विषय की सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थी कदापि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरेंगे।

**10.** माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान एवं छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि यदि किसी शिक्षण संस्थान के परीक्षार्थियों को 2021 की आयोजित होने वाली माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पंजीयन (Registration) कराते हुए परीक्षा में सम्मिलित कराने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किया गया हो, तो वैसे संस्थान के प्रधान/विद्यार्थी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय में न्यायादेश की छायाप्रति के साथ परीक्षा नियंत्रक (मा०) से **दिनांक 12.04.2021 से 14.04.2021** तक की अवधि में अनिवार्य रूप से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेंगे। न्यायादेश के आलोक में निर्णय लेते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में निदेश निर्गत किया जाएगा। उक्त निर्धारित तिथि तक यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्रधान/विद्यार्थियों द्वारा इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो उनका दावा मान्य नहीं होगा और इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित शिक्षण संस्थान/विद्यार्थी की होगी।

**11. यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस है, वैसे विद्यालयों से पंजीयन/अनुमति आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा।**

**12. माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों अथवा कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत है :–**

| मद | सामान्य कोटि के लिए | आरक्षित कोटि SC, ST & EBC (BC-I) के लिए |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क | 60.00 | 60.00 |
| ऑनलाईन इन्ट्री शुल्क | 20.00 | 20.00 |
| परीक्षा शुल्क | 100.00 | – |
| विविध शुल्क | 350.00 | 350.00 |
| अंक पत्र शुल्क | 150.00 | 150.00 |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 100.00 | 100.00 |
| विज्ञान आन्तरिक शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 50.00 | 50.00 |
| **कुल** | **830.00** | **730.00** |
| व्यावहारिक परीक्षा शुल्क (केवल गृह विज्ञान, नृत्य, संगीत एवं ललित कला विषय में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 25.00 | 25.00 |
| **कुल** | **855.00** | **755.00** |

**नोटः 1.** बेटरमेन्ट एवं एकल विषय (अंग्रेजी) की परीक्षा के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 200.00 रुपये अनुमति शुल्क अलग से देय है जो परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना अनिवार्य है। **2.** माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित एवं अनुत्तीर्ण पूर्ववर्ती/कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थियों को औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क 100.00 रूपये, विज्ञान आन्तरिक शुल्क 50.00 रूपये एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क 25.00 रूपये देय नहीं है।

**13. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु वेबसाइट पर लॉग–इन करने के संबंध में:–** परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क ऑनलाइन जमा करने के लिए विद्यालय के प्रधान को समिति द्वारा यूज़र आई0डी0 एवं पासवर्ड जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से पूर्व में ही उपलब्ध कराया जा चुका है। यूज़र आई0डी0 और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति के वेबसाइट **www.biharboard.online** पर लॉग–इन करेंगे।

लॉग–इन के उपरान्त विद्यालय के यूजर पोर्टल में Secondary Compartmental-cum-Special Examination, 2021 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का डाटा विवरणी उपलब्ध रहेगा, जिसे क्लिक करने पर छात्र/छात्राओं के उपलब्ध विवरणी की जाँच कर परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**14. छात्र/छात्राओं से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन** :– उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र में भरा गया छात्र/छात्रा का विवरण अपलोड किये गये फोटो तथा हस्ताक्षर के साथ पूरा परीक्षा आवेदन–पत्र दिखेगा।

**15. छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** :– जिन छात्र/छात्रा का माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित छात्र/छात्रा का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

**(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–**


Image Size :- 35mm X 30mm का हो। (400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।

Head Size/Face Size :- 25mm X 20mm

Background :- Plain White or Light Green

**(ii)** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width × 1cm height) में हो तथा आकार 5–20 KB से अधिक न हो।

**16. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरे जाने की प्रक्रिया :–**




**(i) शुल्क जमा करने की प्रक्रिया** :– शिक्षण संस्थान के प्रधान जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पूर्व से प्राप्त विद्यालय का User Id एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के वेबसाइट **www.biharboard.online** पर Login कर परीक्षा शुल्क भुगतान के लिए "Make Payment" पर क्लिक करेंगे, जो वेबसाइट के होम पेज पर दाहिने भाग में "Quick link" में उपलब्ध रहेगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान निम्नांकित माध्यम से किया जा सकता हैः–

**(ii) ऑनलाइन भुगतान** :–ऑनलाइन पेमेन्ट डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा किये गये ऑनलाइन भुगतान के संबंध में अपने बैंक खाता से निकासी हुई है या नहीं इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेना आवश्यक है।

**(iii)** समिति के वेबसाइट–**www.biharboard.online** पर यूजर मैनुअल उपलब्ध रहेगा।

**17.** विदित हो कि कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु सरकार द्वारा दिशा–निर्देश निर्गत है। इसलिए परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान कठोरतापूर्वक सभी ऐहतियाती कार्रवाई सुनिश्चित की जानी अनिवार्य होगी। साथ ही छात्र/छात्रा, शिक्षक/कर्मी, विद्यालय प्रधान एवं संबंधित सभी अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर सोशल डिस्टेन्सिंग का दृढ़तापूर्वक पालन करते हुए कार्य निर्वहन करेंगे।

**18.** उपर्युक्त के अनुसार माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में पंजीकृत उक्त कोटि के परीक्षार्थी का शिक्षण संस्थान के प्रधान से **दिनांक– 12.04.2021 से 16.04.2021** तक की अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**19. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्प लाइन नं0–0612–2232074, 2232257, 2232239, 2230051 एवं 2232227 पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा E-mail Id : bsebsehelpdesk@gmail.com पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण प्राप्त किया जा सकता है।**

अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शुल्क ऑनलाइन भरे जाने की प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**